Total Pages : 4

# M-94

## B.A. (Part-III) Examination, 2024
## (Regular/Private/Ex. Students)
## HINDI LITERATURE
## [ Paper : First ]
## जनपदीय भाषा साहित्य (छत्तीसगढ़ी)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

**निर्देशः** सभी प्रश्न अनिवाय हैं। प्रश्नों के समक्ष अंक अंकित हैं।

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए- [21]



(क) गुरू पइयां लागवं नाम लखा दीजो हो।।

जनम-जनम का सोया मनुवा, सब्दन मार जगा दीजो हो।

घट अंधियार नैन नहिं सूझे, ज्ञान का दीप जगा दीजो हो।

विष की लहर उठत घट अंतर, अमृत बूंद चुवाय दीजो हो।

गहिरी नदिया अगम बोहाय, खेय के पार लगा दीजो हो

धरमदास की अरज गोसाई, अब की पार लगा दीजो हो।

(ख) "पढ़े पर न कढ़े बर
गोठ करे बर चटर-चटर।
पढ़े बर पढ़े
फेर कढ़े नहीं।
पढ़े लिखे बने करे।
तोर चाल में कीरा परे।"

(ग) दू हाथ बढ़ाये आधू, हो जाथे जम्मो काज रे।
बूता सुरू हो जाथे, जब ले लेथस अनताज रे।
जांगर पेरे तौ भुइयाँ म अनपूरना के राज रे।
माटी सोना होही, पछीना चुचवाही आज रे।
देंह जुड़ाही झटकुन, परिही जब जोरहा बाम रे।

(घ) उन्खर तिर ओधे के पहिली, सुन ले कौंसल गोठ हमरा।
वड़े-वड़े मछरीमन छोटे, मछरी मन ला खा लेथे।।

2. संत काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों को दृष्टि में रखते हुए धर्मदास के पदों की विवेचना कीजिए। [12]

**अथवा**

छत्तीसगढ़ी निबंध के विकास में लखनलाल गुप्त का स्थान व्यक्त कीजिए।



3. छत्तीसगढ़ी साहित्य की विकास यात्रा का विस्तार से वर्णन कीजिए। [12]

**अथवा**

छत्तीसगढ़ी भाषा के क्षेत्र एवं उनके विविध स्वरूपों का वर्णन कीजिए।

4. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [15]

(i) संत काव्य में गुरू महिमा पर प्रकाश डालिए।

(ii) छत्तीसगढ़ में मनाये जाने वाले दशहरा पर्व की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को लिखिए।

(iii) कहावत एवं लोकोक्ति का सामाजिक जीवन में महत्व को समझाइए।

(iv) छत्तीसगढ़ी काव्य में विनय पाठक का योगदान लिखिए।

(v) समकालीन काव्य के विकास में मुकुन्द कौशल का स्थान निर्धारित कीजिए।

(vi) पं. सुन्दरलाल शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व को लिखिए।

(vii) देवार डेरा लोकमंच के सामाजिक पहलुओं का वर्णन कीजिए।

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं पन्द्रह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [15×1=15]

(i) 'केवला रानी' की कथायें कौन-से गीतों में प्रचलित हैं?

(ii) छत्तीसगढ़ के प्रथम संत कवि कौन हैं?

(iii) 'दानलीला' किसकी रचना है?

(iv) छत्तीसगढ़ी पत्रिका का प्रकाशन वर्ष क्या है?

(v) 'मोंगरा' उपन्यास के लेखक कौन हैं?

(vi) छत्तीसगढ़ी भाषा में कितने स्वर हैं?

(vii) 'गाड़ी' शब्द कौन-सा वचन है?

(viii) 'अटाटूट' का अर्थ क्या है?

(ix) छत्तीसगढ़ी क्रिया 'जाबो' में किसका प्रभाव है?

(x) धर्मदास की पत्नी का नाम क्या था?

(xi) 'सत्यमेव जयते' के लेखक का नाम क्या है?

(xii) 'चार झन' किस प्रकार का विशेषण है?

(xiii) 'पइसा' का शुद्ध रूप क्या है?

(xiv) लोकोक्ति को छत्तीसगढ़ी में क्या कहते हैं?

(xv) 'करगा' का अर्थ क्या है?

(xvi) पं. सुन्दरलाल शर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(xvii) 'चँदैनी गोंदा' किसकी रचना है?

(xviii) 'डहर के फूल' क्या है?

(xix) 'ईसुरी' पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?

(xx) सत्यभामा आड़िल की रचना लिखिए।

----x----